खण्डन

ई०वी०एम० की चाक–चौबंद सुरक्षा मामले में प्रशासन पर शक निराधार

पटना – 21.05.2019

मतदान के पश्चात् सुरक्षित रखे गये ई०वी०एम० (पोल्ड ई०वी०एम०) की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेवारी है। तदनुसार सभी जगह पोल्ड ई०वी०एम० के लिए चिन्हित स्ट्राँग रूमों में त्रिस्तरीय सुरक्षा (Inner- अर्द्धसैनिक बल, Middle एवं Outer –राज्य पुलिस बल) सहित CCTV की निगरानी भी है।

जहाँ तक छपरा (सारण) में ई०वी०एम० के मामले में एक राष्ट्रीय न्यूज चैनल ने अपने प्रसारण में दिखाया है कि वहाँ दिनांक 20.05.2019 को ई०वी०एम० को ले जाते हुए रास्ते में लोगों ने देखा और इस मामले में प्रशासन पर शक की अंगुली उठायी गयी। विदित हो कि वे सारे ई०वी०एम० वेयरहाउस से प्रशिक्षण स्थल पर ले जाये जा रहे थे ताकि मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा सके। इसमें 12 बी०यू०, सी०यू० तथा VVPAT शामिल थे। निर्वाची पदाधिकारी ने शाम 06.30 बजे ई०वी०एम० वेयरहाउस को उपलब्ध जनप्रतिनिधियों को दिखाकर सन्तुष्ट किया कि ये मतगणना प्रशिक्षण हेतु निकाले गये ई०वी०एम० है एवं उनका स्ट्राँग रूम में सीलबन्द ई०वी०एम० से दूर–दूर तक कोई सम्बन्ध नहीं है। उपलब्ध जनप्रतिनिधियों ने प्रक्रिया पर मौखिक एवं लिखित रूप से सन्तोष जताया।

ज्ञातव्य हो कि रिजर्व एवं अव्यवहृत ई०वी०एम० वेयरहाउस में रखे जाते हैं जबकि पोल्ड ई०वी०एम० त्रिस्तरीय सुरक्षा एवं CCTV कैमरे की निगरानी में स्ट्राँग रूम में रखे जाते हैं और ये दोनों जगह अलग–अलग होते हैं। अतएव पोल्ड ई०वी०एम० की चाक–चौबंद एवं सुरक्षा मामले में प्रशासन पर शक निराधार है।